हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 15 मई 2026

06 तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला की मौत



09 शहर के अंडर ब्रिज, अस्पताल चौराहा और मिलन चौराहे का रास्ता हुआ ठीक



राधौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

अनुसूचित जाति कांग्रेस की बैठक बीनागंज एवं महू में सम्पन्न

गुना। विगत दिवस मप्र अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देशानुसार एवं पूर्व मंत्री एवं जिला कांग्रेस कमेटी गुना के अध्यक्षजयवर्धन सिंह विधायक राघोगढ़ के नेतृत्व में अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला गुना के अध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार की अध्यक्षता में12 मई को हेमराज खरे ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बीनागंज के निवास पर एवं 14 मई को बमोरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महू में कांग्रेस संगठन सृजन के अन्तर्गत बैठक सम्पन्न हुईं। बीनागंज की बैठक में भगवान सिंह अहिरवार जिलाध्यक्ष अजा कांग्रेस, नारायण सिंह भील जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति कांग्रेस, हेमराज खरे ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बीनागंज,दिनेश अहिरवार सरपंच प्रतिनिधि पाटन ,रविन्द्र अहिरवार, भगवती बाई सरपंच पाटन, गिर्राज अहिरवार, कमल कुमार, दौजीराम,रामकिशोर खरे, शिव नारायण खरे, कैलाश अहिरवार, मर्दन सिंह शिवचरण, संतोष अहिरवार, धीरज सिंह अहिरवार, नारायण लाल जाटव, बालमुकुंद नेता , हरि किशन खरे,लक्ष्मन सिंह अहिरवार, मुकेश शिल्पकार, आदि। बमोरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महू में लालजीराम जाटव, सीताराम पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बड़ी संख्या में कांग्रेस जन आदि उपस्थित थे।



सेवानिवृत्ति के 9 माह बाद भी नहीं मिला जीपीएफ भुगतान, कार्रवाई की मांग

गुना। विकासखंड शिक्षा कार्यालय गुना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय गोपालपुरा कैंट से सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक नरेंद्र सिंह कुशवाह को सेवानिवृत्ति के 9 माह बाद भी जीपीएफ राशि का भुगतान नहीं होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रणवीर सिंह कुशवाह ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार नरेंद्र सिंह कुशवाह 31 अगस्त 2025 को सेवा निवृत्त हुए थे, लेकिन आज दिनांक तक उनकी जीपीएफ में जमा राशि का भुगतान नहीं हो सका है। आरोप है कि विकासखंड शिक्षा कार्यालय गुना एवं एजी ऑफिस ग्वालियर की लापरवाही और उदासीनता के कारण भुगतान प्रक्रिया लंबित पड़ी हुई है।बताया गया कि संबंधित शिक्षक कई बार जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर जीपीएफ भुगतान कराने का निवेदन कर चुके हैं। समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्होंने 23 मार्च को मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं 24 मार्च को कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत किया था।आरोप है कि बीईओ कार्यालय द्वारा जीपीएफ कार्य देख रहे कर्मचारी ने जल्द भुगतान का आश्वासन देकर सीएम हेल्पलाइन शिकायत बंद करवा दी, लेकिन शिकायत वापस लेने के दो माह बाद भी भुगतान नहीं किया गया। म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रणवीर सिंह कुशवाह ने आरोप लगाया कि जिन कर्मचारियों की संबंधित कर्मचारियों से सांठगांठ होती है, उनके प्रकरण शीघ्र निपटा दिए जाते हैं, जबकि अन्य कर्मचारियों के मामलों में अनावश्यक आपत्तियां लगाकर महीनों तक लंबित रखा जाता है।उन्होंने कलेक्टर गुना से मामले में संज्ञान लेकर लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

हार्दिक डावर की पुस्तक फ्रॉम जीरो टू जीरो द रेजोनेंस ऑफ बीइंग का विमोचन 17 को

गुना। शहर के साहित्य और बौद्धिक जगत के लिए रविवार, 17 मई की शाम बेहद खास होने जा रही है। लेखक हार्दिक डावर की नई प्रेरणादायक पुस्तक फ्रॉम जीरो टू जीरो, द रेजोनेंस ऑफ बीइंग का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल डीआईजी अवधेश गोस्वामी शामिल हों। वहीं, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि हितिका वासल होगी। उनके साथ ही जीएसटी भोपाल के सहायक आयुक्त बलराम धाकड़ एवं संदीप श्रीवास्तव भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम शहर के प्लेओटेल गुना में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 7 बजे मीट एंड ग्रीट सत्र से होगी, जिसके बाद ठीक 7:50 बजे पुस्तक का विधिवत अनावरण किया जाएगा।

उपार्जन केंद्रों पर सूचना बैनर, तौल कांटों के सत्यापन एवं नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के अध्यक्ष ने की उपार्जन कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा हेतु मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ.के.पी. यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल, अपर कलेक्टर श्री अखिलेश जैन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त करने के पश्चात पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से गेहूं उपार्जन कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि इस वर्ष किसान पंजीयन पिछले वर्ष की तुलना में 47 प्रतिशत अधिक हुए हैं, वहीं उपार्जन हेतु रकबा भी 36 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अतिरिक्त उपार्जित गेहूं के परिवहन, भंडारण, भुगतान प्रक्रिया एवं उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं की जानकारी भी साझा की गई।

उपार्जन कार्यों में आ रही चुनौतियों पर चर्चा

बैठक में उपार्जन व्यवस्था के दौरान सामने आने वाली व्यावहारिक



समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इनमें सर्वर संबंधी तकनीकी समस्याएं, शादी एवं त्यौहार के समय श्रमिकों की उपलब्धता तथा जिला प्रबंधक की नियुक्ति जैसे विषय प्रमुख रहे।इस दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी एसडीएम एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप उपार्जन कार्यों को पारदर्शिता एवं सुचारू व्यवस्था के साथ संपन्न कराने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। बैठक में अध्यक्ष डॉ. के.पी. यादव ने सुझाव दिया कि सभी उपार्जन केंद्रों पर ऐसे सूचना बैनर लगाए जाएं, जिनमें पीपी बैग एवं जूट बैग में निर्धारित क्षमता अनुसार कितना वजन अधिक तौला जा सकता है, इसकी स्पष्ट जानकारी किसानों को दी जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाए। साथ ही प्रत्येक खरीदी केंद्र पर तौल कांटों का सत्यापन कर उनके सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ केपी यादव एकदिवसीय प्रवास पर जिला मुख्यालय पहुंचे यहां उन्होंने शासकीय कार्यक्रमों के अलावा निजी तौर पर भी लोगों से औपचारिक और अनौपचारिक भेंट करके शहर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इसी दौरान वह क्षेत्रीय विधायक पन्नालाल शाक्य के निवास पर पहुंचे जहां दोनों ही नेताओं ने एक दूसरे का पारंपरिक रूप से सम्मान किया।उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण चर्चा भी की और आखिरकार चर्चा का यह दौर राजनीतिक हल्कों में चर्चा का विषय बन गया।

रामकथा समापन पर हुए 15 बेटियों के हाथ पीले

हर वर्ष समिति और हम करेंगे निर्धन कन्याओं का विवाहः नपाध्यक्ष सविता





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

अब हर वर्ष समिति के सहयोग से निर्धन कन्याओं के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

यह घोषणा नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने की है। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता दंपति ने मनकामेश्वर समिति द्वारा आयोजित राम कथा उपरांत सामूहिक विवाह सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कन्याओं के पैर पखार कर आशीर्वाद लिया।

इसी दौरान अरविंद गुप्ता की माताजी की पुण्य तिथि पर सभी कन्याओं को सिलिंग फैन भेंट किए गए। इसके पूर्व उन्होंने 51000 नगदी और कुछ खाद्य सामग्री भी भंडारे के लिए अपनी ओर से इस आयोजन में उपलब्ध कराई गई।

बेटी नहीं है इसलिए सभी बेटियां हमारी हैं

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि उनकी अपनी कोई बेटी नहीं है इसलिए उन्हें जहां भी किसी बेटी के पैर पखारने का मौका मिलता है। तो अवश्य उस पुण्य को अर्जित कर लेती हैं इसके पूर्व भी उन्होंने चाहे नगरपालिका द्वारा आयोजित कन्यादान योजना के तहत विवाह सम्मेलन हुए हों या कहीं भी अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा इस तरह का आयोजन किया गया हो, वहां पहुंचकर अपनी ओर से कन्याओं को कुछ ना कुछ उपहार देकर उन्हें अपनी बेटी स्वरूप में पूज कर आशीर्वाद लेने की परंपरा का हमेशा निर्वाह किया है। इसी दौरान नगर पालिका अध्यक्ष



सविता अरविंद गुप्ता के द्वारा प्रथम दिन से ही साफ सफाई,पेय जल ,लाइट सभी व्यवस्था निरंतर कराई गई और निरंतर 9 दिन सेवा देने के उपरांत अपना तन मन धन भी कथा के दौरान लगाए और साध्वी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया।

मनकामेश्वर समिति ने कराया भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन

मनकामेश्वर समिति ने श्री राम कथा का आयोजन कराया है जिसका वाचन प्रख्यात कथा वाचक प्रियंका भारती द्वारा किया गया। इसके समापन अवसर पर भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित कराया है जिसमें, हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। सेवा भाव में जुटे नगर के गणमान्य लोगनगर में आयोजित श्रीराम कथा का समापन धर्म, सेवा और सामाजिक समर्पण के अद्भुत संगम के साथ हुआ। मनकामेश्वर समिति के तत्वावधान में 15 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह वैदिक रीति-रिवाजों एवं मंत्रोच्चार के बीच संपन्न कराया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, संस्कार और मानव सेवा का अनुपम दृश्य देखने को मिला।

कथावाचक साध्वी प्रियंका भारती का मिला सानिध्य

कथावाचक साध्वी प्रियंका भारती के सानिध्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विवाह मंडप में मंगल गीतों और वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। भावुक माहौल में कई लोगों की आंखें नम नजर आईं।रामकथा समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने उनके सेवा भाव की उपस्थित लोगों ने जमकर सराहना की।

नवदंपत्तियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत हेतु दिए उपहार

सामूहिक विवाह सम्मेलन में नवदंपत्तियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत हेतु गोदरेज अलमारी, पलंग, किचन सेट, बर्तन, कुर्सी-टेबल एवं लड्डू गोपाल जी की प्रतिमा सहित कई उपयोगी घरेलू उपहार भेंट किए गए। श्रद्धालुओं और सहयोगियों ने इसे पुण्य कार्य बताते हुए बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

मनकामेश्वर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सहयोग से ऐसे सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक संपन्न कराया जा सके।

साध्वी प्रियंका भारती से आशीर्वाद प्राप्त किया

कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं ने साध्वी प्रियंका भारती से आशीर्वाद प्राप्त किया और समिति द्वारा किए गए इस मानवीय प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि जब संस्कार और समाज सेवा साथ चलते हैं, तब मानवता का सबसे सुंदर रूप सामने आता है। मनकामेश्वर महादेव शिक्षा विभाग समिति के सदस्यों की भूमिका निभाते हुए अरविंद गुप्ता, महेश कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार मंगल , जगमोहन सिंह, सतीश चतुर्वेदी, आर एस चतुर्वेदी , बृजेश रघुवंशी , अमोल सिंह रघुवंशी, रतन सिंह रघुवंशी, शिवम भार्गव ,गेंदलाल राठौड़, राजू पंत, नीलम बिंदल, महेश कुमार अग्रवाल , रणवीर प्रताप सिंह, वृंदावन बैरागी, जगदीश नामदेव एवं समस्त भक्त धर्म प्रेमी बंधुओं ने इस आयोजन को सफल बनाया।



नीट परीक्षा धांधली के खिलाफ़ कॉलेज गेट पर एनएसयूआई का उग्र प्रदर्शन, पुलिस को चकमा देकर फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नीट परीक्षा में हुई कथित धांधली और पेपर लीक के विरोध में छात्र संगठन एनएसयूआई ने गुना के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने न केवलोंस कॉलेज के अंदर जमकर नारेबाजी की, बल्कि पुलिस की घेराबंदी को चकमा देते हुए कॉलेज गेट के बाहर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला भी फूंक दिया।

प्रदर्शन के दौरान पीजी कॉलेज और एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में भारी पुलिस बल तैनात था। पुलिस प्रदर्शनकारियों को कॉलेज गेट के बाहर रोकने की तैयारी में ही थी कि छात्र संगठन के कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए परिसर के अंदर तक जा पहुंचे। इससे पहले कि पुलिस स्थिति को पूरी तरह संभाल पाती, कार्यकर्ताओं ने दौड़कर गेट के बाहर पुतला जला दिया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष फलेशुराज सिसोदिया के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन के दौरान सरकार पर तीखे हमले किए गए। छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के शासनकाल में पिछले 7 वर्षों में लगभग 70 परीक्षाओं के पेपर या तो लीक हुए हैं या उन्हें निरस्त करना पड़ा है। परीक्षाओं के दौरान छात्रों के साथ तो बेहद सख्ती बरती जाती है। कलावा और कान की बाली तक उतरवा ली जाती है। लेकिन पेपर माफियाओं और लीक करने वालों पर सरकार का कोई वश नहीं चलता। नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा का पेपर लीक होना लाखों मेधावी छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनकी वर्षों की मेहनत के साथ जघन्य खिलवाड़ है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह केवल एक घोटाला नहीं बल्कि एक जघन्य अपराध है, जिसमें कहीं न कहीं सरकार की मिलीभगत नजर आती है। यही कारण है कि सरकारी भर्ती परीक्षाओं से लेकर प्रवेश परीक्षाओं तक का भविष्य अंधकार में है। एनएसयूआई ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई और छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप धारण करेगा।

संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने लगाया हत्या और दहेज प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नसीरा में बुधवार दोपहर एक 24 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या और दहेज प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका भावना यादव पत्नी गिर्राज यादव निवासी ग्राम नसीरा की शादी करीब दो वर्ष पहले ग्राम सिरनी थाना कदवाया जिला अशोकनगर से हुई थी। मृतका के भाई सुनील यादव बुधवार दोपहर अपनी बहन को लेने नसीरा गांव पहुंचे थे। आरोप है कि जब वह बहन को लेकर घर से निकल रहे थे, तभी ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट शुरू कर दी। सुनील यादव ने बताया कि उनकी शर्ट फाड़ दी गई तथा गर्दन पर हमला किया गया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उन्हें बचाया। भाई के अनुसार इसी दौरान ससुराल पक्ष भावना को घर के अंदर ले गया। करीब 10-15 मिनट बाद परिजनों ने बताया कि भावना ने कोई गोली खा ली है और उसकी तबीयत बिगड़ गई है। मायके पक्ष का आरोप है कि उन्होंने तुरंत अस्पताल ले जाने की गुहार लगाई, लेकिन काफी देर तक ससुराल पक्ष ने उन्हें जाने नहीं दिया। बाद में ग्रामीणों की समझाइश पर मोटरसाइकिल से अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने भावना को मृत घोषित कर दिया। जिला अस्पताल में गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचे परिजनों का आक्रोश फूट पा। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि भावना की हत्या गला दबाकर या पत्थर मारकर की गई है। उनका कहना है कि शादी में करीब 18 लाख रुपये खर्च किए गए थे, इसके बावजूद ससुराल पक्ष लगातार दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल की मांग कर रहा था। परिजनों ने दहेज मांग से जुड़ी ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।



दानपेटियों से चोरी गई राशि एवं वारदात में प्रयुक्त औजार जप्त,साक्ष्य मिटाने के लिए डीवीआर नष्ट कर तालाब में फेंका

बीस भुजी माता मंदिर का पूर्व कर्मचारी ही निकला चोरी का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बजरंगगढ थाना पुलिस द्वारा बीस भुजी माता मंदिर से चोरी के प्रकरण का सफल खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

गौरतलब है कि 7 मई को फरियादी लक्ष्मीनारायण शर्मा निवासी बजरंगगढ़ द्वारा बजरंगगढ़ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 6 मई की रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बीस भुजी माता मंदिर के शटर एवं दानपेटियों के ताले तोड़कर दानराशि चोरी कर ली गई तथा मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर डीवीआर चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपीके विरुद्ध बजरंगगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 49/26 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। बीस भुजी माता मंदिर में हुई चोरी की घटना से क्षेत्रीय श्रद्धालुओं एवं आमजन में रोष व्याप्त था। मातारानी के मंदिर से जुड़ी लोगों की गहरी आस्था को देखते हुए पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए चोरी का पर्दाफाश करने हेतु 2000 रुपए का इनाम घोषित किया



जाकर प्रकरण के अज्ञात आरोपी की शीघ्र पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। निर्देशानुसार बजरंगगढ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृपाल सिंह परिहार अपनी टीम के साथ प्रकरण के अज्ञात आरोपी की पतारसी हेतु सक्रियता से जुट गए एवं इस हेतु मंदिर के पुजारी, कर्मचारियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ की गई। वैज्ञानिक, भौतिक एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर गहन जांच की गई। आरोपी द्वारा साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा तोड़कर डीवीआर चोरी कर लिया गया था, जिससे जांच चुनौतीपूर्ण हो गई थी।

पुलिस द्वारा प्रभावी तकनीकी विश्लेषण कर कई संदिग्धों से सघन पूछताछ की गई। जांच के दौरान मंदिर में पूर्व में कार्यरत भोला उर्फ घनश्याम पुत्र परमसुख केवट निवासी नवीन कॉलोनी बजरंगगढ़ की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं, जिससे उसे हिरासत में लेकर गहन पूछताछ की गई, जिस पर उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि मंदिर से हटाए जाने की नाराजगी के चलते उसने शराब के नशे में घटना को अंजाम दिया। आरोपी द्वारा रात में टामी, शब्बल एवं प्लास की सहायता से मंदिर के ताले तोड़कर दानपेटियों से राशि चोरी की गई तथा सीसीटीवी डीवीआर को नष्ट कर तालाब में फेंक दिया गया।

पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से बीस भुजी माता मंदिर एवं चतुर्भुजी माता मंदिर की दानपेटियों से चोरी की गई कुल 2000 रुपये की राशि, घटना में प्रयुक्त टामी, शब्बल, हथौड़ी एवं प्लास जप्त किए गए हैं। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़, मारपीट एवं आबकारी अधिनियम सहित विभिन्न अपराध दर्ज होना पाए गए हैं।

समाचार संक्षेप

जामौन्या कलां में भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

जामौन्या कलां। ग्राम स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में गुरुजी हीरामन आश्रम के श्री श्री 108 प्रवानदास महाराज के सान्निध्य में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा तथा श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर दिखाई दिए।कथा प्रवक्ता पंडित शिवदयाल जी भार्गव (भृगु कुंज, पीपलखेड़ी) ने श्रीमद्भागवत महापुराण के पंचम स्कंध में वर्णित जड़ भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया।



उन्होंने बताया कि जड़ भरत पूर्वजन्म में राजा भरत थे, जिन्होंने वैराग्य, आत्मज्ञान और अनासक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। हिरण के बच्चे के प्रति अत्यधिक मोह के कारण उन्हें अगले जन्म में हिरण योनि प्राप्त हुई, किंतु आत्मज्ञान के प्रभाव से उन्होंने पुनः संसार से विरक्ति धारण कर भगवान भक्ति का मार्ग अपनाया।कथावाचक ने कहा कि जड़ भरत का चरित्र मानव जीवन को यह संदेश देता है कि मोह ही बंधन का मुख्य कारण है तथा आत्मचिंतन और भगवान की भक्ति से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। उन्होंने राजा भरत के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए बताया कि उनके नाम पर ही अजनाभवर्ष को "भारतवर्ष" कहा जाने लगा।कथा के दौरान भक्त प्रह्लाद, अजामिल एवं राजा चित्रकेतु की प्रेरणादायक कथाओं का भी सुंदर वर्णन किया गया। पंडित भार्गव ने बताया कि भक्त प्रह्लाद अटूट श्रद्धा और भगवान विष्णु के प्रति समर्पण के प्रतीक हैं। वहीं अजामिल की कथा भगवान के नाम की महिमा को दर्शाती है तथा चित्रकेतु चरित्र सांसारिक मोह से वैराग्य और आत्मज्ञान की प्रेरणा देता है।उन्होंने श्रद्धालुओं को सत्संग, धर्म और भगवान की भक्ति का महत्व बताते हुए सन्मार्ग पर चलने का संदेश दिया। संगीतमय प्रस्तुति के बीच श्रद्धालु भावविभोर होकर कथा श्रवण करते रहे।इस अवसर पर पुजारी पंडित रामभरोसा पारीख, आयोजक पंडित हुकुम सिंह मीना, कु. श्यामबाबू मीना, पंडित कालूराम, रामहेत, रामसेवक, समर, निर्दीप मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

NEET UG में कथित धांधली के विरोध में छात्र-युवा संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

आरोन। छात्र संगठन ऑल इंडिया डीएसओ एवं युवा संगठन ऑल इंडिया डीवाईओ के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को **NEET UG** परीक्षा में हुई कथित धांधली एवं प्रश्नपत्र लीक के विरोध में शिक्षा मंत्री के नाम आरोन अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कहा गया कि मेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की संयुक्त प्रवेश परीक्षा **NEET UG** का प्रश्नपत्र बड़े पैमाने पर लीक होना अत्यंत चिंताजनक है। संगठनों ने आरोप लगाया कि इससे लाखों



मेधावी छात्रों का भविष्य संकट में पड़ गया है तथा छात्र एवं अभिभावक मानसिक तनाव और अवसाद का सामना कर रहे हैं।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि इससे पहले भी परीक्षा से जुड़े विवाद सामने आ चुके हैं। छात्र संगठनों ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (**NTA**) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना बिना गंभीर लापरवाही और कोचिंग माफियाओं की मिलीभगत के संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि **NEET** लागू करते समय पारदर्शिता और भ्रष्टाचारमुक्त व्यवस्था का दावा किया गया था, जो अब गलत साबित हो रहा है।संगठनों ने सरकार से मांग की कि मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए तथा प्रश्नपत्र लीक में शामिल सभी दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने और **NEET UG** परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी सीधे सरकार द्वारा संभालने की मांग भी की गई।ज्ञापन सौंपने के दौरान छात्र एवं युवा संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एमपीआरडीसी सड़क की बदहाली पर उठे सवाल

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़





नगर के डोंगर वार्ड क्रमांक 14 में शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल के सामने मंगलवार को दर्दनाक सड़क हादसे में महुआखेड़ा निवासी सुशीला बाई केवट की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुशीला बाई अपने पति के साथ बाइक से गांव लौट रही थीं, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह हादसा प्रशासन और एमपीआरडीसी की गंभीर लापरवाही का परिणाम है। जिस सड़क पर हादसा हुआ वह राजस्थान को जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है, जहां भारी वाहनों की लगातार आवाजाही रहती है। इसके बावजूद सड़क पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं।ग्रामीणों ने बताया कि शासकीय हाई सेकेंडरी स्कूल, बॉटलिंग प्लांट डोंगर और सांदीपनि विद्यालय जैसे बड़े संस्थान इसी मार्ग पर स्थित हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों बच्चे आते-जाते हैं, लेकिन स्कूलों के सामने न तो स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही कोई दिशा सूचक या चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं।इसके साथ ही हाल ही में आयोजित हो रहे श्री राम महायज्ञ भैंसाना का मुख्य चौराहा भी इसी मार्ग पर स्थित है, जहां अंधा मोड़ होने के बावजूद न तो बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई संकेतक लगाए गए हैं। सड़क किनारे उगी घनी झाड़ियों के कारण दृश्यता भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण को लगभग 7,8 वर्ष होने जा रहे हैं, लेकिन अब तक एक बार भी सही तरीके से मेंटेनेंस नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने एमपीआरडीसी अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए कहा कि यदि समय रहते सड़क सुरक्षा के उचित इंतजाम नहीं किए गए तो भविष्य में और भी बड़े हादसे हो सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल स्पीड ब्रेकर, दिशा सूचक बोर्ड, बैरिकेडिंग और सड़क किनारे की झाड़ियों की सफाई कराने की मांग की है।

टोड़ी गांव में जुआ खेलते चार आरोपी गिरफ्तार, 3800 रुपए नगद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

गुना जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बीनागंज पुलिस चौकी ने ग्राम टोड़ी की पठार पर जुआ खेलते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3800 रुपए नगद एवं ताश की गड्डी बरामद की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीनागंज चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम टोड़ी की पठार पर कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपए की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। पुलिस ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर दबिश दी, जहां चार व्यक्ति ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सभी को मौके से पकड़ लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हेमराज पुत्र जमुनालाल अहिरवार, देवेंद्र पुत्र रमेशचंद्र अहिरवार, अर्जुन पुत्र प्रभुलाल अहिरवार एवं दिलीप पुत्र मंटीलाल मीना निवासी ग्राम टोड़ी, थाना चांचौड़ा बताए।पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 3800 रुपए नगद एवं ताश की एक गड्डी जब्त की। चारों आरोपियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाने में अपराध क्रमांक 134/26 के तहत धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज राणा के नेतृत्व में बीनागंज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अजयप्रताप सिंह, सहायक उपनिरीक्षक ताराचंद्र सगर, आरक्षक मोनू करारे, शिवप्रताप सिंह, शुभम मिश्रा, अजय समाधिया, सचिन भिलाला, अनूप तोमर एवं राजू रजक की सराहनीय भूमिका रही।



विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 16 मई को लगाए जाएंगे विशेष शिविर

आरोन। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित समाधान एवं सेवाएं घर बैठे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से "सम्पर्क अभियान 2026" के तहत विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 16 मई को जिले के विभिन्न वितरण केंद्रों एवं जोनों में "विद्युत संबंधी सेवाएं आपके द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत शिविर लगाए जाएंगे।आरोन विद्युत विभाग अंतर्गत यह शिविर ग्राम झाझोंन एवं रामपुर में आयोजित होंगे। शिविरों में उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन से जुड़ी विभिन्न सेवाओं का मौके पर लाभ प्रदान किया जाएगा।इन शिविरों में नए बिजली कनेक्शन के आवेदन, नाम परिवर्तन, भार परिवर्तन, अस्थाई कनेक्शन, मात्र 5 रुपये में कनेक्शन योजना, स्थाई विच्छेदन के आवेदन, ई-केवाईसी तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा।विद्युत विभाग ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ उठाएं और अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

चारधाम यात्रा से लौटे अभिभाषकों का सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

क्षेत्र के समाजसेवी अभिभाषक अरविंद श्रीवास्तव एवं अभिभाषक अनिरुद्ध श्रीवास्तव के चारधाम यात्रा से लौटने पर सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट आरोन द्वारा उनका सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया।दोनों अभिभाषक हाल ही में बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ धाम, गंगोत्री एवं यमुनोत्री सहित चारधाम यात्रा पूर्ण कर लौटे हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने श्रीवास्तव बंधुओं का शॉल, श्रीफल एवं फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया तथा यात्रा की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि अभिभाषक अरविंद श्रीवास्तव एवं अनिरुद्ध श्रीवास्तव समाज सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे आगे भी समाजहित में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते रहें।स्वागत कार्यक्रम में सनातन धर्म मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह रघुवंशी (हल्के नेताजी), किशनलाल शर्मा, वकील ओमप्रकाश बेधैल, भगवानलाल शर्मा, संजय कसेरा, गोपाल सोनी, रामस्वरूप नामदेव, रामवीर सिंह रघुवंशी, हीरालाल बुनकर एवं संजीव साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



गेल विजयपुर जाने वाले अंडरपास की तत्काल मरम्मत कराने की मांग, विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

सांसद प्रतिनिधि एवं रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति मंडल भोपाल के सदस्य विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी को पत्र भेज कर मांग की है कि रुठियाई मक्सी रेल लाइन स्थित साडा कॉलोनी राघौगढ़ से गेल ल विजयपुर जाने वाले मार्ग पर स्थित अंडरपास की मरम्मत तत्काल 18 मई से पूर्व कराई जाए। विजय कुमार जैन ने मंडल रेल प्रबंधक को भेजे पत्र में उल्लेख किया है उक्त अंडर पास में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। जिससे आए दिन दो पहिया वाहन गिर रहे हैं। आये दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। बरसात के मौसम में अंडरपास में पानी भर जाने से यातायात में परेशानी आती है। आपने यह भी उल्लेख किया है कि राघौगढ़ तहसील के ग्राम भैंसाना में श्री राम महायज्ञ का विराट आयोजन 18 मई से 28 मई 26 तक हो रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के लगभग 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है।यज्ञ स्थल पर आने जाने के लिए श्रद्धालु इसी मार्ग का उपयोग करेंगे। आपने इस



अंडरपास की तत्काल मरम्मत 18 मई से पूर्व प्राथमिकता से कराने का अनुरोध किया है। पत्र की प्रतिलिपि दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद राज्यसभा, जयवर्धन सिंह पूर्व मंत्री एवं विधायक राघौगढ़, दिलीप कुमार सिंह महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल्वे परिमंडल जबलपुर, सौरभ कटारिया वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भोपाल को भी भेजी है। विजय कुमार जैन ने यह भी उल्लेख किया है भैंसाना में आयोजित श्री राम महा यज्ञ में यात्रियों को सुविधा देने के लिए उनके द्वारा गत 30 अप्रैल को मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति भोपाल की बैठक में एवं श्री दिग्विजय सिंह पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा मार्च 2026 में पत्र भेजकर रेल विभाग से मांग की गई थी कि यज्ञ के दौरान दिनांक 18 मई से 28 मई तक बीना नागदा एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज राघौगढ़ स्टेशन पर 1 मिनट से बढ़कर 5 मिनट किया जाए। कोटा इंदौर इंटरसिटी एक्सप्रेस का स्टॉपेज राघौगढ़ स्टेशन पर यज्ञ के दौरान किया जाए। बीना रुठियाई मेमू ट्रेन को यज्ञ के दौरान मक्सी या उज्जैन तक बढ़ाया जाए इस मेमू ट्रेन को 24 घंटे में चार फेरे में चलाया जाए। आपने खेद सहित उल्लेख किया है कि जनहित के इन मांगों पर रेल विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

गर्भवती माताओं एवं बच्चों का समय-समय पर टीकाकरण किया जाए: कलेक्टर

महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैनएजिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रसेना भिडेए प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉए रजनी छारीएसिविल सर्जन डॉए भूपेन्द्र सिंह शेखावतए समस्त बीण्एमण्ओएसुपरवाईजर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गर्भवाती एवं धात्री माताओं की शत प्रतिशत जानकारी पोर्टल पर पंजीकृत की जाए। इस कार्य को महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जाए। उन्होंने आंगनवाडी केन्द्रों के मॉनीटरिंग के लिए आंगनवाडी केन्द्रों पर सुपरवाईजर एवं परियोजना अधिकारी द्वारा निरंतर भ्रमण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अनमोल पोर्टल पर गर्भवती माताओं की जानकारी शत प्रतिशत दर्ज की जाए। उन्होंने पोषण ट्रेकर पोषण पर शत प्रतिशत जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेम और मेम बच्चों के बारे में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिएए उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती माताओं एवं बच्चों का समय.समय पर टीकाकरण किया जाए। उन्होंने कहा एनीनिया मुक्त करने के लिए प्लान तैयार करे। उन्होंने निर्देशित किया कि गर्भवती माताओं एवं बच्चों का समय.समय पर टीकाकरण किया जाए।

अज्ञात बदमाश बाईक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम ओडेर निवासी चैन सिंह कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कल्लू कुशवाह मंगल भवन गार्डन के बाहर कबीरा रोड से अज्ञात बदमाश उसकी बाईक चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है।



पिपरई कृषि उपज मंडी में बनाए गए खरीदी केंद्र पर खुले आसमान के नीचे रखे हैं गेहूं के कट्टे

पिपरई। पिपरई मुख्यालय की कृषि उपज मण्डी में बनाए गए खरीदी केन्द्र पर गेहूं कटिटयों में भरकर खुले आसमान के नीचे रखा गया हैए न तो गेहूं को बारिस से बचाने के कोई प्रबंध किए गए हैं जबकि खरीदी केन्द्रों पर यह प्रबंध किए जाने चाहिए। जिससे गेहूं खराब हो रहा है।

पिपरई गेहूं खरीदी केंद्र पर गेहूं की कट्टी करीबन 2000 बोरी अनाज खुले में रखा है और बारिश होने से भीग गया है न तो उसके ऊपर तिरपाल डाला गया और न ही उसको टीन सेट के नीचे रखवाने की व्यवस्था की गई। ऐसे में खुले आसमान के नीचे गेहूं के कट्टे खराब हो रहे हैं। बारिश आने से यह गेहूं खराब हो जाएंगे। इस लापरवाही पर देखते हैं प्रशासन की ओर से क्या कारवाही की जाती है।

मई माह में पड़ रही गर्मी को लेकर नपा अध्यक्ष ने जलाशय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



शहर की जीवनदायिनी कहे जाने वाले अमाही स्थित फिल्टर प्लांट का आज नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने निरीक्षण किया। गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने मौके पर पहुंचकर जल स्तर और फिल्टर प्लांट की कार्यप्रणाली की बारीकी से समीक्षा की।

तालाब में 12 फीट पानीए शहरवासी निश्चिंत रहें निरीक्षण के दौरान राहत भरी खबर सामने आई है। अध्यक्ष मनोरिया ने बताया कि वर्तमान में अमाही तालाब में 12 फीट पानी उपलब्ध है। गौरतलब है कि अशोकनगर शहर की पूरी जलापूर्ति इसी तालाब पर निर्भर है। शहर की प्यास बुझाने के लिए अमाही तालाब में पर्याप्त जल राशि है। तकनीकी दृष्टि से यदि तालाब में 8 फीट पानी भी रहेए तो पूरे शहर की जल व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जा सकती है। अभी हमारे पास 12 फीट पानी हैए जो संतोषजनक स्थिति है।

अधिकारियों को दिए निर्देश में जल शुद्धिकरण पर विशेष फोकस प्लांट के निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित इंजीनियरों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया में कोई कोताही न बरती जाए। शहर के अंतिम छोर तक पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुँचाया जाए। लीकेज या तकनीकी खराबी होने पर तत्काल सुधार कार्य किया जाए।इस निरीक्षण से यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले दिनों में शहर में पानी की कोई किल्लत नहीं होगी।

बिजली कंपनी ने आयोजित किया बिजली समस्या निवारण शिविर

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी, डेमो लगाकर समझाए स्मार्ट मीटर के फायदे

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र बिजली वितरण कंपनी के बैनर तले गुरुवार को नई सराय के पीएमश्री स्कूल में बिजली समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बिजली कंपनी के उप महाप्रबंधक अजय सिंह तोमरए ग्रामीण प्रबंधक कमल सिंह सोलंकीए सहायक प्रबंधक शशांक सिंह राजपूत द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी और उनका मौके पर ही निराकरण किया।

शिविर में एक सैकड़ा के लगभग समस्याएं आईं इनमें से लगभग 60 समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। समस्या निवारण शिविर की शुरुआत सुबह 10 बजे से हुई। शिविर शाम पांच बजे तक चला। इस दौरान बिजली उपभोक्ताओं को बिजली की कम खपत और स्मार्ट मीटर का डेमो लगाकर इसके फायदे भी समझाए। उप महाप्रबंधक अजय सिंह तोमर ने कहा किए बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर का महत्व समझना होगा। उन्होंने बताया किए



स्मार्ट मीटर लगने से बिजली का बिल कम आ रहा है। इस दौरान स्मार्ट मीटर और डिजिटल मीटर का डेमो भी लगाया गया। उप महा प्रबंधक अजय सिंह तोमर ने बताया किए बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करने के उद्देश्य को लेकर समूचे प्रदेश भर में बिजली कंपनी इन शिविरों का आयोजन कर रही है।

अशोकनगर जिले में गुरुवार को आधा दर्जन से भी ज्यादा शिविरों का आयोजन कर हजारों बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया है। हालांकिए कई समस्याओं के निराकरण की एक प्रक्रिया होती है। ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए जमीनी अमले को जल्द प्रपोजल तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे समस्या निवारण शिविरों की सार्थकता साबित हो सके। नई सराय जेई शशांक सिंह राजपूत ने बताया किए शिविर में ओवर लोड़ए अधिक बिल आने जैसी कई समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया है। समस्या निवारण शिविर में रामकृष्ण बैरागीए दानिश कुरैशीए देवेंद्र लोधीए विनोद जैन, राघवेंद्र सुमन, सुखवीर सिंह आदि रहे मौजूद।

इनका कहना है

बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को मौके पर ही समाधान करने के उद्देश्य को लेकर समूचे प्रदेश भर में बिजली कंपनी समस्या निवारण शिविरों का आयोजन कर रही है। गुरुवार को अशोकनगर जिले में आधा दर्जन से ज्यादा स्थानों पर समस्या निवारण शिविर लगाकर हजारों बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण किया गया है। समस्या निवारण शिविरों का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

अजय सिंह तोमर उप महाप्रबंधक बिजली कंपनी अशोकनगर

नदी पर पहुंच कर कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया, दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय ने तहसील ईसागढ़ के ग्राम पाठखेडा में रात्रि विश्राम के पश्चात गुरूवार की सुबह जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तारतम्य में पाठखेडा नदी पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ श्रमदान किया। साथ ही जलसरंक्षणएभूजल रिजार्च और नदी पुर्नजीवन के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस दौरान जन सहयोग से नदी की साफ सफाई एवं जमा गाद का हटवाया गया। श्रमदान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैनए एसीडएम त्रिलोचन गौड़एतहसीलदार रोहित रघुवंशीए सीईओ जनपद पंचायत एपीप्रजापति, नायब तहसीलदार ऋतु परमार सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री जनमन आवास का कलेक्टर ने किया निरीक्षण भ्रमण के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा ग्राम पाठखेडा में प्रधानमंत्री जनमन आवास के अंतर्गत आदिवासी परिवारों के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन आवास के तहत प्राप्त होने वाली किश्तों के संबंध जानकारी प्राप्त की।

आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत पाठखेड़ा में रात्रि चैपाल के आयोजन के पश्चात गुरूवार आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की उपस्थितिए संधारित पंजियों का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भोजन एवं नाश्ता के समूह द्वारा वितरण की समस्या के बारे में बताया गया। इस पर कलेक्टर ने अविलंब निराकरण किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

नगरिक खाद आपूर्ति निगम के चेयरमैन का दौरा आज



मुंगावली। नागरिक खाद आपूर्ति निगम के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त डॉ केपी यादव का मुंगावली में प्रथम नगर आगमन पर खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त एवं गुना लोकसभा के पूर्व सांसद डॉण्केपी यादव का मुंगावली में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्तायो द्वारा जगह जगह स्वागत किया जाएगा। 15 मई 2026 सायं 4 से बहादुरपुर रोड से होते हुएए पिपराई रोड जेके अरोरा पेट्रोल पम्पए मिडिल स्कूलए नया बस स्टैंडएपोस्ट ऑफिस चैराहाए पुराना बाजारए रामलीला मंचए पहुंचेगी जहां पर एक विशाल आभार सभा का आयोजन किया जाएगा। संपूर्ण यात्रा मार्ग में जन.जन द्वारा आत्मीयए भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत की तैयारियां की जा रही है।

खबर संक्षेप

कैंप का आयोजन बांसखेड़ी में किया गया

पिपरई। विद्युत विभाग के जे ई प्रदीप मंडलोईया ने बताया कि ग्राम बांसखेड़ी में संपर्क अभियान के अंतर्गत हमने कैंप का आयोजन किया जिसमें बिल संबंधित समस्याएनए कनेक्शन हेतु आवेदनएज्यादा रीडिंग आने से ज्यादा बिल की समस्या के संबंध में करीबन 46 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 17 आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया एवं शेष आवेदनों को विभाग द्वारा जांच कर उचित कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया।इस मौके पर मुंगावली विद्युत विभाग के ए ई पीसी जैन साहब एवं पिपरई विद्युत मंडल के समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहे।

एसडीएम तथा तहसील न्यायालय का किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा तहसील ईसागढ़ एसडीएम तथा तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। साथ ही निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

ग्राम कुलवार में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने तहसील ईसागढ़ के ग्राम कुलवार स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में निर्माणाधीन बालिका शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश संबंधितों को दिये। निरीक्षण के दौरान एसडीएम त्रिलोचन गौड़ए तहसीलदार रोहित रघुवंशीएनायब तहसीलदार ऋतु परमारए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायतएण्पीण्प्रजापति सहित संबंधित उपस्थित थे।

हैंडलूम पार्क का दल ने किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय एवं पदेन अध्यक्ष एसपीव्ही चन्देरी के निर्देश के पालन में गुरुवार को हैण्डलूम पार्क चन्देरी में स्थापित 24 वर्कशेडों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वर्कशेड में स्थापित लूमोंए कार्यशील लूमोंए साफ.सफाईए चन्देरी उत्पादों की गुणवत्ताए चन्देरी वस्त्रों के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रकार के वस्त्रों का विकय हैण्डलूम पार्क में नहीं किये जाने के संबंध में निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण में एसपीव्ही एवं वर्कशेड संचालनकर्ता के मध्य पारित एमओयू एवं चन्देरी वस्त्रों के अतिरिक्त अन्य प्रकार के वस्त्र विक्रय पाये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध जीआई एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। निरीक्षण दल में हाथकरघा कार्यालय चन्देरी से राहुल आनंदए कनिष्ठ सहायक ग्रामोद्योग विस्तार अधिकारीए अनिल सादए तकनीकी सहायकए मण्प्रण हस्तशिल्प विकास निगम से रामेश्वर परिहार एवं एसपीव्ही चन्देरी के प्रतिनिधि मनोज सोनी उपस्थित रहे।

ग्राम पाठखेडा में जिला प्रशासन का रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से जनसंवाद

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जिला प्रशासन के अधिकारी जनपद पंचायत ईसागढ़ की ग्राम पंचायत पाठखेड़ा में रात्रि चैपाल एवं जलसंवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। रात्रि चैपाल में कलेक्टर द्वारा ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। समस्याओं के हर संबंध निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। रात्रि चैपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मौके पर समाधान किया गया। साथ ही अन्य समस्याओं के निराकरण में समय सीमा निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई। रात्रि चैपाल के दौरान ग्रामीणों ने डोंगारा से हैदर की बीज रास्ता निर्माण कराये जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने सीईओं जिला पंचायत एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

लोगों को आवागमन में अब होगी आसानी

शहर के अंडर ब्रिज, अस्पताल चौराहा और मिलन चौराहे का रास्ता हुआ ठीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शहर में प्रतिदिन हजारों लोग अस्पताल चौराहा और मिलन चौराहे से निकलने में परेशान हो रहे थे। यहां से अंडरब्रिज शहर को आपस में दोनो ओर से जोड़ता है, वहां अंडर ब्रिज से आने और जाने में वाहन चालकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था जिसे लेकर नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने आम जनता की समस्या को सुना और इस स्थान पर डामरीकरण किया गया है।

सुविधा भी मिलेगी

जिस जगह अंडर ब्रिज बना हुआ है वहां सड़क नीचे थी। जिसके कारण अंडरब्रिज में प्रवेश करते समय लोगों के वाहन टकरा जाते थे जिसके कारण कई बार सामने से आ रहे वाहनों से दुर्घटना होने का खतरा बना रहता था। इस समस्या को पूर्व में निराकरण करने के लिए अन्य सामग्री भरकर निजात दिलाने का प्रयास किया गया थाए लेकिन समस्या गंभीर बनी हुई थी। स्वयं नगर पालिका अध्यक्ष भी इसी अंडरब्रिज से होकर जब.जब भी निकले उन्हें और उनकी नगर पालिका परिषद के पार्षदों को भी आम जनता की तरह समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इसके बाद इस समस्या के निराकरण का प्रयास किया गयाए यहां डामरीकरण से सड़क और अंडरब्रिज के अंदर प्रवेश करने की जो रिक्त जगह थी उसे भरने का प्रयास भरकर किया गया है और श्लोब बनाकर इस तरह की व्यवस्था की गई है कि लोग आसानी से अंडरब्रिज के अंदर प्रवेश कर सकें और अंडरब्रिज से आने के दौरान भी उन्हें इसी तरह की समस्याओं का सामना न करना पडे इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि अशोकनगर शहर में पूर्व में जो टेंडर राजमाता चैराहे से अस्पताल चैराहा और अस्पताल चैराहे से एचडीएफसी चैराहे तक सड़क के निर्माण का लगाया गया था वह ठेका कंपनी द्वारा उक्त कार्य में रुचि नहीं ली जा रही थी। जिसके लिए नए सिरे से इस कार्य का टेंडर बुलाया गया है। टेंडर स्वीकृत होने के बाद अशोकनगर की यह मुख्य सड़क जानी जाएगी। सड़क बेहतर होगी सड़क पर लोग पूरे सुरक्षित तरीके से चल सकेंगे तथा वर्षा काल में और साल भर समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा यह सड़क शहर की बेहतरीन सडकों में से एक होगी।

मिलन तिराहे पर गड्ढे भी भरे और डामरीकरण कर राहत दी गई

इसी प्रकार मिलन चैराहे पर भी ऐसी स्थिति बन रही थी यहां स्थिति दूसरे प्रकार की थीए यहां अंडर ब्रिज से बाहर आने के बाद बाहर बहुत सारे गड्ढे हो गए थे और जब.जब भी काम इस स्थान पर चला चाहे वह केवल बिछाने का काम हो या अन्य काम होंए उसके कारण कई जगह गड्ढे हो गए थे और उसे ऐसा ही छोड़ दिया गया था। अंडरब्रिज से जुड़ने वाला रास्ता भी खराब हो रहा था और उसके आसपास बने हुए गड्ढे लोगों को आने जाने में परेशानी का कारण बने थे। क्योंकि इसी अंडर ब्रिज से दोपहिया वाहन भी निकालते हैंए इसी अंडरब्रिज से ऑटो वाहन भी निकलते हैं और इसी स्थान से कार जैसे वाहन भी निकलते हैं और कई लोडिंग वाहन भी इसी अंडरब्रिज से होकर जाते हैं। ऐसी स्थिति में वाहनों की अधिकता और रास्ता खराब होना लोगों के लिए समस्या का कारण बना हुआ था। यह समस्या वर्तमान में तो है ही साथ में आने वाले वर्षा काल के दौरान गंभीर समस्या पैदा कर सकती थी इस समस्या के निराकरण के प्रयास नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किए गए और उनके द्वारा इस पूरे हिस्से पर डामरीकरण किया गया है। ताकि लोग परेशान न हो।

अंडरब्रिज अंधेरे में घटनाओं का अंदेशाए बिजली से रोशन किया जाए

इसके अलावा यह तो समस्या का एक निदान नगर पालिका ने कर ही दिया है लेकिन इस अंडर ब्रिज के अंदर रात में आने जाने वाले लोगों के लिए कोई व्यवस्था नहीं है पूरा अंधेरा पड़ा रहता है। क्योंकि यहां पर कोई पैदल पुल भी नहीं है पटरिया के ऊपर से ट्रेने निकलती हैं। ऐसी स्थिति में अंडर ब्रिज के अंदर या तो लाइट की व्यवस्था हो या बाहर की तरफ से खंबे लगाकर दोनों साइड से इस अंडरब्रिज को रोशन किया जाए। ताकि अंडरब्रिज के अंदर कभी कोई घटना न हो सके। अक्सर बच्चों के साथ नाबालिक बालिकाओं के साथ या अन्य महिलाओं के साथ ऐसी घटनाएं होने का अंदेशा बना रहता है।

बैठक में मातृ एवं शिशु दर में कमी लाने के निर्देश दिए, समीक्षा की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में नवीन तहसील भवन के सभाकक्ष में खण्डस्तरीय स्वास्थ्य एवं पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम त्रिलोचन गौड़ए तहसीलदार रोहित रघुवंशीएनायब तहसीलदार ऋतु परमारए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एण्पीण्प्रजापति, विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉण्लक्ष्मीचंद्र, परियोजना अधिकारी दीपा चिरोलियाए बीआरसी राजकुमार रघुवंशी, बीण्पीएम शिवकांत शर्मा उपस्थित थे। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर की समीक्षा करते कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने हेतु सभी समन्वित प्रयास किये जाए। गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओं बेहतर देखभाल तथा सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण सेवाओं को सुदृणीकरण करनेए उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की समय पर पहचान एवं प्रबंधनएसंस्थागत प्रसव को बढावा तथा गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्यएपोषण सेवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। शिक्षा विभाग को विद्यार्थियों के एडमिशन छात्रवृति वितरण के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने विभागों को गत वर्ष की उपलब्धियों को आधार बनाकर शासन द्वारा दिये गए निर्देशों के अनुरूप लक्ष्य प्राप्त करने हेतु योजना बनाने के निर्देश दिये।

मेधावी छात्र अभिनव जैन ने 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान



ईसागढ़। सुरेन्द्र जैन के पुत्र अमित कुमार जैन के सुपुत्र अभिनव जैन ने 12वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शिमला स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूलए ढली में प्रथम स्थान प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। अभिनव के पिता अमित कुमार जैन शिमला में वीण्एसण्एनण्एलण् एसण्डीण्ओण् के पद पर कार्यरत हैं। अभिनव ने अपनी मेहनतए लगन और प्रतिभा के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता पर उनके दादा.दादीए ताऊ.ताईए भाई.बहन एवं समस्त परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अभिनव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि अभिनव जैन ने पूर्व में भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया थाए जिस पर उन्हें हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री निवास पर सम्मानित किया गया था तथा उन्हें 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई थी। अभिनव की इस सफलता से परिवार सहित क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ एनएसयूआई ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कांग्रेस ने नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ नाराजगी जताकर विरोध किया और एनएसयूआई ने मांग की है कि नीट परीक्षा रदद होने का मामला छात्रों के भविष्य से जुड़ा हैए इसे गंभीरता से लिया जाए और इस सम्पूर्ण मामले की न्यायिक जांच सुप्रीम कोर्ट के रिटायर जज से कराई जाए।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहए अशोकनगर विधायक हरिबाबू रायएएनएसयूआई जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सचिन त्यागी कांग्रेस नेता अशोक शर्मा के द्वारा नीट परीक्षा रद्द होने के खिलाफ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और एनटीए के अध्यक्ष प्रदीप जोशी के खिलाफ प्रेस वार्ता कर विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि देशभर में लगभग 22 लाख छात्र.छात्राएं प्रतिवर्ष नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा की तैयारी करते हैं लेकिन प्रतिवर्ष परीक्षा रद्द हो जाने के कारण लाखों छात्रों का भविष्य अधर में अटक जाता है जो छात्रों के हितों के खिलाफ है। एनएसयूआई के अशोकनगर जिलाध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी ने बताया कि नीट की परीक्षा में हर वर्ग का छात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल होता है लेकिन अमीर लोगों के बच्चों को अच्छे नंबर से पास करवाने के उद्देश्य से शिक्षा माफिया द्वारा प्रतिवर्ष नीट का पेपर लीक करवा दिया जाता है और बाद में परीक्षा ही रद्द हो जाती है हमारी मांग है की अमीरों के अलावा जो बच्चे गरीब वर्ग से आते हैं और बड़ी मेहनत एवं लगन से नीट की साल भर तैयारी करते हैं तैयारी के बाद जब परीक्षा केंद्र पर पहुंचते हैं तो पता चलता है कि पेपर रद्द हो गया है यह छात्र.छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य को खराब करता है एवं छात्र इस कारण से अवसाद में चले जाते हैं जिससे मेडिकल फील्ड में अच्छे डॉक्टर की कमी बनने की संभावना है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने कहा कि एक तरफ मोदी जी कहते हैं कि अमृतकाल चल रहा है और दूसरी ओर छात्रों और युवाओं की भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। विधायक हरी बाबू राय ने कहा इतना तो बच्चों का डाईपर लीक नहीं होता इतनी बार बीजेपी की सरकार में पेपर लीक हो चुका है। पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सचिन त्यागी ने कहा कि मीडिया के माध्यम बीजेपी का कार्यकर्ता दिनेश बिवाल की फैमिली में पिछले साल 5 लोगों का नीट में सिलेक्शन हुआ था न जाने ऐसे कितने केस होंगे। मैने देखा देखा है कि जब बच्चे छात्र पेपर देने जाते हैं तो स्टेशन के बाहर होटल लेने के उनके पास पैसे नहीं होती तो वह बच्चे प्लास्टिक विचार कर प्लेटफार्म पर सोते हैं और वही बच्चे सुबह उठकर पेपर देने जाते हैं क्योंकि उनके पास पैसे नहीं होते हैं होटल लेने ऐसे लाखों लोग हैं जो इस तरीके से संघर्ष करते हैं और बाद में पता चलता है कि पेपर लीक हो गया और एक सेकंड में उनका सपना टूट जाता है उम्मीदें खत्म हो जाती है। हमारी मांग है कि मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं एनटीए के अध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे। कांग्रेस नेता अशोक शर्मा ने कहा कि बीजेपी नौकरी देने का दिखावा मात्र करती है और बाद में पेपर लीक हो जाता है और नौकरी देने से बच जाते हैं इनकी एक प्रक्रिया का हिस्सा है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी विवेक कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अब्बा और सौरभ निवासी मंदसौर मिल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जेल कॉलोनी निवासी हेमन्त रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अवधेश और गौरव रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयापुरा चंदेरी निवासी सीताराम कौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विशाल मोगिया और मुन्नू कौली ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भैंसा निवासी अंकित रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परमाल और राजकुमार रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से राजकुमार रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राजेश और अविनाश रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झागर चक्क निवासी रविन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामजीतए सुरजीतए रंजीत और निखिल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मोबाइल न दिलाने पर नाराज युवक ने फांसी लगाने का किया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर सेहराई थाने के अंतर्गत एक युवक ने मोबाइल न दिलाने पर नाराज होकर अपने ही घर के कमरे में फांसी लगाने का प्रयास किया। जैसे ही डायल 112 को सूचना मिली तब सेहराई पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस की तत्परता से युवक की जान बच गई।

घटना 14 मई की सुबह 08ण्00 बजे कि हैए डायल.112 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम अर्सेन तलैया निवासी पहाड़ सिंह आदिवासी उम्र 18 वर्ष अपने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर रस्सी से फांसी लगाने का प्रयास कर रहा है। सूचना मिलते ही डायल.112 पर ड्यूटी में उपस्थित आरक्षक सुनील बघेल द्वारा तत्काल थाना प्रभारी सेहराई को अवगत कराया गया।

सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सेहराई द्वारा तत्काल सउनि० गोपाल सिंह कुशवाह एवं आरक्षक सुनील बघेल को मौके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि युवक कमरे के अंदर बंद था एवं आत्मघाती कदम उठाने की स्थिति में था। पुलिस टीम द्वारा अत्यंत संवेदनशीलता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को लगातार समझाइश दी गई तथा विश्वास दिलाया गया कि उसकी समस्याओं का उचित निराकरण किया जाएगा एवं परिवारजन भी उसका सहयोग करेंगे। पुलिस एवं

पुलिस की तत्परता से बची जान



परिजनों की समझाइश के बाद युवक ने कमरे का दरवाजा खोल दिया। पूछताछ में युवक ने बताया कि उसकी बात परिवारजन नहीं मान रहे थे तथा मोबाइल फोन दिलाने से मना करने पर वह गुस्से में आकर यह कदम उठाने जा रहा था। पुलिस द्वारा समझाने पर युवक शांत हुआ तथा भविष्य में कोई गलत कदम नहीं उठाने का आश्वासन दिया। पुलिस की त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही से एक युवक की जान बचाई जा सकीए जिसकी क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

जिले में बढ़ रही है फांसी लगाने की घटनाएं जिसे देखो वही फांसी लगाकर आत्मघाती कदम उठा रहा है नाबालिग और या बालिग पति हो या फिर पत्निए जरा जरा सी बातों में फांसी लगाने की घटनाएं की जा रही हैं। अधिकांश लोग अपने घरों के कमरों में लगे पंखों के कुन्दों से फांसी लगा रहे हैं तो कई घटनाएं पिछले दिनों ऐसी भी आई हैं जिसमें ग्रामीण अचंलों में लोगों ने पेड़ों पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जरा सी बात उन्हें सहन नहीं होती हैए गुस्सा या फिर तनाव या फिर पारिवारिक कलह इन घटनाओं में सामने आ रही है। कई नाबालिगों के साथ घटनाओं के कारण भी अलग अलग निकल कर आ रहे हैं। इस घटना में भी अगर पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो युवक आत्मघाती कदम उठा चुका होता।

जिले में एक महिला और दूसरे युवक ने अलग अलग कारणों से फांसी लगाई। जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत भागवती पत्नि भोलाराम अहिरवार निवासी ग्राम मथाना उम्र 42 वर्ष ने अपने ही घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

बंगला चौराहा और अथाईखेडा में भी मुनि श्री की अगवानी की तैयारियां

मुनिश्री सुधासागर महाराज का मुंगावली से बहादुरपुर के लिए विहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





सुप्रसिद्ध जैनाचार्य परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ सत्रह पिच्छिका के साथ आज शाम को चैबीस दिनों के मंगल प्रवास के बाद बंगला चैराहे के लिए पद विहार हो गया। आज रात्रि विश्राम बहादुरपुर नगर के पहले गुगौर ग्राम में होंने जा रहा है। परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ का बहादुरपुर कस्बे में कल शुक्रवार को मंगल प्रवेश होगा। ज्ञातव्य है कि परम पूज्य के संघ नगर गौरव पीयूष भैया विराजमान हैं जो ग्रह त्याग कर पहली बार मुनि संघ के साथ नगर में पैदल विहार करते हुए प्रवेश करने जा रहे हैं।

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधा सागर जी ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भइया के मार्ग दर्शन में आगामी दिनों में परम पूज्य के सान्निध्य में भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु बंगला चैराहे समाज खनियांधाना पंच कल्याणक महोत्सव के बाद भव्य शोभायात्रा के साथ बंगला चैराहे स्थित नवीन जिनालय में विराजमान किया जायेगा। इस हेतु बेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का पूरे विधि.विधान के साथ आयोजित किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि बंगला चैराहे समाज के प्रमुख बाबूलाल जैन पूर्व सरपंच मनोज जैन प्रतिमा स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त करने वाले मनोज कुमार मोनू जैन सीमेन्ट रिंकू ओड़ेर सौरव जैन सहित समाज ने पूज्य श्री को श्री फल भेंट किए। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने अपने निवेदन में कहा कि बंगला चैराहे छोटी सी समाज है। मुख्य चोराह होने का महोत्सव का लाभ सभी को मिलेगा।

इसके पहले परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस दौरान परम पूज्य राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि किसी भी संगठन की पहचान उसके कामों से होती है मुंगावली का वीर सेवा दल अपनी सेवाओं के कारण अलग पहचान बनायें रखें है किसी सेवा दल का शताब्दी वर्ष तक पहुंचना उसकी सेवाओं की लम्बी परम्परा को बता रहा। इस दल की विशेषता है कि बुढढा व्यक्ति भी छोर के पीछे लाइन में लगकर अनुशासित तरीके से चलता है। मुंगावली के इस वीर सेवा दल ने अपनी सेवा की परम्परा से देश में अलग पहचान बनाई है और सबसे बड़ी बात यह अगली पीढ़ी को जिम्मेदारी पूरी तरह से सौंपकर आगे नजर भी रखते हैं। सेवा दल के शताब्दी समारोह में कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित।

एक निरीक्षण ऐसा भी: तहसीलदार 2 किमी दूर देखते रहे वेयरहाउस

प्रशासन नतमस्तक, माफिया मस्त! पार्वती में चली माफिया की पोकलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा/सुठालिया

क्षेत्र की जीवन दायिनी कहलाने वाली पार्वती नदी पर इन दिनों अवैध रेत माफियाओं द्वारा नदी की छाती को छलनी की जा रही है। जिनके आगे प्रषासन नतमस्तक बना हुआ है, ओर माफिया मस्त होकर सरकार के करोड़ो का चुना प्रषासनिक अधिकारियों के संरक्षण में मस्त होकर लगा रहे। दो दिन पहले जब हरिभूमि ने कानरखेड़ी,सेमलापार, लसूलडिया घाटा,अवैध उत्खनन के काले कारोबार का भंडाफोड़ किया था, तब सुठालिया तहसीलदार और ब्यावरा एसडीएम ने बड़ी तत्परता दिखाई थी। आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही विशेष टीम बनाकर माफियाओं पर शिकंजा कसा जाएगा। लेकिन धरातल पर जो नजारा दिखा, वह प्रशासन के दावों की पोल खोलने के लिए काफी है।

साहब वेयरहाउस पर कर रहे थे निरीक्षण, 2 किमी दूर गरज रही थीं मशीनें

हैरानी की बात यह है कि बीते कल सुठालिया तहसीलदार बगवाज वेयरहाउस



पर निरीक्षण कर रहे थे, जबकि वहां से महज 2 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कानरखेड़ी और सेमलापार में पोकलेन मशीनें बेखौफ होकर नदी का सीना छलनी कर रही थीं। सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन को इन मशीनों की गड़गड़ाहट सुनाई नहीं दी, या जानबूझकर कान बंद कर लिए गए।

अब रात का डर खत्म, 24 घंटे चल रहा अवैध खेल

माफियाओं के हौसले अब इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि उन्हें कानून का जरा भी खौफ नहीं रहा। जो उत्खनन पहले चोरी-छिपे रात के अंधेरे में होता था, वह अब कानरखेड़ी,सेमलापार, लसूलडिया में पार्वती नदी के बीचों-बीच दिन के उजाले में भी


सुठालिया तहसील में महज 18 से 25 किलोमीटर की दूरी पर नदी रात-दिन हो रहा है रेत का कारोबार, प्रशासन ने साधी चुप्पी

सुठालिया तहसील बना अवैध रेत माफिया का गढ़, पार्वती नदी में अवैध रेत उत्खनन की आई 'बाढ़'

बेरोकटोक जारी है। 24 घंटे पोकलेन मशीनें चल रही हैं और रेत का अवैध परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है।

सूत्रों का दावा, अधिकारियों के साथ साठगांठ का खेल

क्षेत्र में चर्चा आम है और सूत्र भी इसी ओर इशारा कर रहे हैं कि यह धड़ल्ले वाला काम बिना ऊपरी संरक्षण के मुमकिन नहीं है। जिस तरह से अधिकारी पास में होकर भी अवैध साइट्स की तरफ नहीं मुड़ रहे, उससे विभागीय साठगांठ की बू आना लाजिमी है।

इनका कहना है -

मैं बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण करने आया था अभी एक और प्वाइंट पर जाना है। मैं अकेले क्या करूंगा पुलिस बल के साथ आना पड़ेगा। वैसे मैं अभी पुलिस को सूचना करता हू वो पहुंच जाएंगे मौके पर।
-**रामनिवास धाकड़**, तहसीलदार सुठालिया

जनता के सवाल

- जब हरिभूमि पिछले 15 दिनों से लगातार खबर प्रकाशित कर रहा हैं, तो अब तक टीम गठित क्यों नहीं हुई?
- बगवाज वेयरहाउस के पास ही चल रहे अवैध उत्खनन को अनदेखा करने के पीछे क्या मजबूरी है?
- क्या पार्वती नदी के अस्तित्व को खत्म करने वाले इन माफियाओं पर कोई बड़ा हाथ है?

निष्कर्ष

प्रशासन का सुस्त रवैया और माफियाओं की बढ़ती धमक यह बताने के लिए काफी है कि यहां कानून का राज नहीं, बल्कि साठगांठ का साम्राज्य चल रहा है। यदि जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि प्रशासन केवल कागजों पर कार्रवाई की खानापूर्ति कर रहा है।जब बगवाज वेयरहाउस पर निरीक्षण कर रहे तहसीलदार से अवैध खनन की बात की तो वह टालम टोल करने लग गए। ऐसे में साफ स्पष्ट होता है कि अधिकारियों की मिली भगत से ही यह सब कुछ संभव हो रहा है।

किसानों ने समय पर तुलाई नहीं होने की थी शिकायत

बगवाज मां शक्ति वेयरहाउस पर तहसीलदार का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया



तहसील अंतर्गत आने वाले मां शक्ति वेयरहाउस बगवाज पर पिछले कई दिनों से अव्यवस्थाओं के चलते किसान बेहद परेशान थे। गेहूं तुलाई में हो रही देरी और स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल जाने के कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही थी, जिसके बाद गुरुवार को तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने वेयरहाउस का औचक निरीक्षण किया। जहा पर मौका स्थिति देख किसानों को आ रही परेषानियों के बारे में जानकारी लेकर संस्था प्रबंधक को व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देष दिए।

ट्रैक्टरों की लगी थी लंबी कतारें, किसान बेहाल

वेयरहाउस पर तुलाई की धीमी गति के कारण किसानों के ट्रैक्टरों की लंबी कतारें लग गई थीं। कई किसानों की स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि भी निकल चुकी थी, जिससे उन्हें अपनी फसल की बिक्री को लेकर डर सता रहा था। बार-बार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार धाकड़ ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने किसानों से संवाद किया और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी किसान को परेशान होने या चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। कल से वेयरहाउस पर तीन अतिरिक्त कांटे (तुलाई पॉइंट) बढ़ा दिए गए ताकि काम में तेजी आए तारीख निकलने की चिंता न करें जिन किसानों की स्लॉट बुकिंग की तारीख निकल गई है, उन्हें भी चिन्हित किया जाएगा। तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि कोई भी किसान बिना तुलाई के वापस नहीं जाएगा, बशर्ते वे थोड़ा धैर्य बनाए रखें।

किसानों से संयम की अपील

तहसीलदार रामनिवास धाकड़ ने किसानों को समझाइश देते हुए कहा, प्रशासन किसानों के साथ है। तकनीकी कारणों या भीड़ की वजह से जो देरी हुई है, उसे अतिरिक्त संसाधन बढ़ाकर दूर किया जा रहा है। आप सभी का गेहूं समय पर तोला जाएगा, बस आप थोड़ा सहयोग और सब्र रखें।

मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का खिलचीपुर में शुभारंभ, किसानों को किया प्रेरित

ब्यावरा। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत श्रीराम समृद्ध महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा अजिविका भवन ब्यावरा कला रोड खिलचीपुर में मृदा परीक्षण मशीन लगाकर प्रयोगषाला का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जहा किसानों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से मिट्टी की जांच कर सही उर्वरक एवं पोषक तत्वों की जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मशीन के माध्यम से विभिन्न मिट्टी के नमूनों का परीक्षण कर उसकी उपयोगिता का प्रदर्शन भी किया गया।

कार्यक्रम में जोनल मैनेजर शैलेन्द्र सिंह सिसोदिया, मां जलपा एफपीसी के सीईओ बनेसिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों के



हित में इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मृदा परीक्षण के माध्यम से किसान अपनी भूमि की गुणवत्ता के अनुसार फसल एवं उर्वरक प्रबंधन कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकेंगे। अतिथियों एवं एफपीसी सदस्यों द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने एवं नियमित रूप से मिट्टी परीक्षण कराने के लिए प्रेरित किया गया।

ट्रक ने चलती बाइक से गिरी महिला को कुचला, मौत

जीरापुर। नगर से माचलपुर की जाने वाले सड़क पर धतुरिया गांव के समीप चिलावद जोड़ के पास एक महिला चलती बाइक से असंतुलित होकर नीचे गिर गई। इतने में सामने से आ रहा ट्रक की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी अनुसार मृतक महिला दुर्गाबाई 45 वर्ष सोयत थाना क्षेत्र के डोंगरगांव की रहने वाली थीं, जो अपने पति शंकर लाल बगारी के साथ अपने बेटे के रिश्ते के लिए पीलवास में लड़की देखकर डोंगरगांव जा रहे थे। बाइक पर मृतक महिला का पति और बेटा भी था जो इस हादसे में सुरक्षित बचें।महिला धतूरिया गांव चिलावद जोड़ के पास बाइक से अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गई और उसी समय सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक महिला को रौंदता हुआ निकल गया और महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया और कानूनी कार्रवाई की जा रही।

एडवांस्ड किड्स एकेडमी के सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल

विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर(सं.)

एडवांस्ड किड्स एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणामें में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों का बेहतरीन परिणाम सफलता का नया इतिहास बना।विधार्थियों की उपलब्धि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , अनुशासित वातावरण , शिक्षकों का शैक्षणिक कार्य उत्कृष्ट रहा।इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी तरुण पाटीदार ने वाणिज्य संकाय में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विज्ञान



संकाय में उद्देश लववंशी ने 88.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इसके अतिरिक्त अथर्व नागर 87.4 प्रतिशत, खुशबू जैन 85.6 प्रतिशत, कार्तिक गुप्ता 84.6 प्रतिशत, कन्हैयालाल दांगी 82.2 प्रतिशत, अक्षत बजाज 81 प्रतिशत, प्रवीण पाटीदार 80.8 प्रतिशत तथा श्रद्धा बरैठा 80.4 प्रतिशत ने भी श्रेष्ठ अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की लगातार शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल स्थान प्राप्त होने पर संस्था संचालक गिरीराज गुप्ता, प्राचार्य ई. के. जोशी ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दीं।

खेत में पेड़ से लटका मिला किसान का शव, पुलिस जांच में जुटी

सारंगपुर। लीमाचैहान थाना क्षेत्र के ग्राम धामंदा में बुधवार शाम को एक व्यक्ति का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सिद्धूलाल पिता मांगीलाल 58 वर्ष निवासी धामंदा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होने पर लीमाचैहान पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को नीचे उतरवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल सारंगपुर भेजा गया। जहां चिकित्सकों द्वारा पीएम किए जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक खेत की ओर गया था, जिसके बाद उसका शव पेड़ से लटका मिला। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। वहीं घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल बना हुआ है।

मंडी परिसर में 1.45 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने दिए गुणवत्ता के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

स्थानीयकृषि उपज मंडी परिसर में लगभग 1 करोड़ 45 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का गुरुवार को राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने भूमिपूजन किया। इनमें ट्रॉली शेड, डामरीकरण, पानी की टंकी, सीसी रोड एवं विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने मंडी परिसर में व्यापारियों और किसानों से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की अपील भी की। विशेष बात यह रही कि मंत्री कार्यक्रम में इलेक्ट्रिक टू.व्हीलर से पहुंचे। उन्होंने इसे ईंधन बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडी सेकंडरी राजेश खरे सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, व्यापारी एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शत प्रतिशत जनगणना कार्य पूर्ण करने पर सुपरवाइजर प्रगणकों को किया सम्मानित

20 प्रगणक एवं पांच सुपरवाइजर को पुष्पहार पहनाए



जीरापुर। नगरीय निकाय अंतर्गत जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण कार्य को 15 मई से पूर्व शत प्रतिशत करने वाले सुपरवाइजर और प्रगणकों को सम्मानित किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा ने कहा कि सुपरवाइजरों एवं प्रगणकों ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए काम को समय से पहले करके सराहनीय कार्य किया है। जिला जनगणना प्रभारी दिलीप कुमार साहू , शीतल कोसरवाल द्वारा फील्ड ट्रेनर प्रणव खुजनेरी , रईस मंसूरी की उपस्थिति में नगर परिषद सभागार में सम्मानित किया गया। सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को नजरी नक्शा बनाने के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई एवं शेष ब्लॉक में भी शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा 15 मई से पूर्व मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने के निर्देश क्रम में शहरी क्षेत्र जीरापुर के 29 ब्लॉक में से 20 ब्लॉक में शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने पर 20 प्रगणक एवं पांच सुपरवाइजर को पुष्पहार पहनाकर , प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किये गए।

प्रशासनिक अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ से रात में चल रही बोरवेल मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ा



भीषण गर्मी में जल संकट को देखते हुए जिले में कलेक्टर द्वारा भले ही बोरवेल मषीनों पर प्रतिबंध लगा दिया हो, लेकिन मषीनों के एजेंट स्थानीय अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ कर रात के अंधेरे में बोर लगाने में लगे हुए है। जल स्तर दिनों दिन नीचे चला जा रहा है, जिसके चलते नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में हेंडपंप और ट्यूबवेल दम तोड चुके है। ऐसे में लोगों को पीने के पानी के लिए परेषानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। गुरूवार को एक ऐसा ही मामला बोडा नगर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में देखने में आया है कि जहा पर सरकार के सभी नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बेखोफ तरीके बोरवेल खनन किया जा गया। क्षेत्र वासियों ने बताया कि यह सब साठगाठ से चल रहा। बोरवेल पर अभी तक कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं की जा रही। जिले में कलेक्टर के आदेश अनुसार बोरवेल खनन पर रोक लगाई गई है, उस आदेश की कहीं पर भी कोई कार्रवाई न होते हुए नजर आ रही। बोडा नगर में प्रतिदिन नगर की सड़कों पर और आसपास बोरिंग बोरवेल खनन होता हुआ नजर आ रहा है।

अस्पताल की बदहाली के खिलाफ कियर कांग्रेस ने शंखनाद, जनसमस्याओं को लेकर नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



बोड़ा। शासकीय अस्पताल की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस एवं नगर कांग्रेस' के नेतृत्व में विरोध प्रदर्षन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। यह प्रदर्षन कांगे्रस जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह के मार्गदर्शन में हुआ। जिसमें मांगे रखी गई कि अस्पताल में दवाईयों की उपलब्धता हो, मरीजों को बाहर से दवा न लेनी पड़े, एम्बुलेंस सेवा और डॉक्टरों की कमी दूर हो, अस्पताल परिसर में गंदगी का साम्राज्य खत्म होना चाहिए। इस दौरान पूर्व विधायक धूलसिंह यादव, संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतीया, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंदसिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष 'लखन रूहेला, नगर अध्यक्ष अशोक यादव, राजेश रातलिया, गुलाबसिंह यादव, प्रदीप जैन, श्याम बंसल, हीरालाल यादव, पार्षद तेजसिंह यादव सहित सभी वरिष्ठजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शांतिकुंज हरिद्वार की गतिविधियों के बारे में दी जानकारी

गायत्री शक्तिपीठ पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर (सं.)



परमपूज्य गुरुदेव की जन्म शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत आवास कालोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें उप जोन प्रभारी मोहन सिंह सिसोदिया द्वारा संगोष्ठी का आयोजन कर परम पूज्य गुरुदेव वंदना एवं माताजी के आशीर्वचनों से अवगत कराया तथा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी दी।

गोष्ठी में जिला समन्वयक डॉक्टर ओ.पी पवांर ने बताया कि गायत्री परिवार का संगठन विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, गायत्री परिवार परम पूज्य गुरुदेव के बताए मार्ग पर व्यक्ति को धर्म की ओर जोड़ना है, वरिष्ठ पूर्व जोन प्रभारी एनपी शर्मा, युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक किशोर जानोरिया , परिवाजक रामनिवास मीणा द्वारा देव पूजन के साथ गोष्ठी प्रारंभ कि गई। गोष्ठी में गायत्री परिवार के व्यवस्थापक सूरजमल भावसार , ट्रस्टी गण तहसील समन्वयक डॉ आरबी गुप्ता , बापू लाल दांगी , दिनेश जमींदार , बलराम टांक ,महिला मण्डल ट्रस्टी ज्योत्सना दांगी , उर्मिला गुप्ता , सुमित्रा गुप्ता , देवबाला खुजनेरी निरंजन कुशवाह , विष्णु पवांर , मुख्य ट्रस्टी देवनारायण दांगी , विजय कौशिक महिला मंडल की बहने उपस्थिति रही और विभिन्न शाखों से हमारे परिजन रमेश चंद शर्मा माचलपुर , पिपलिया कुलमी , भण्ड़ावद पूरी युवा प्रकोष्ठ की टीम युवा प्रकोष्ठ मोहन सोनगिरा , रामगढ़ शक्तिपीठ राधे श्याम दांगी , कैलाश वर्मा , घनश्याम भिलाला आदि अनेक परिजनों द्वारा गोष्ठी में भाग लेते हुए गुरुदेव के द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलना नियमित साधना करना सामूहिक साधना करना आदि संकल्प लिया जाकर जल संरक्षण जल संवर्धन शिक्षा स्वास्थ्य हरित अमृत अभियान के अंतर्गत पौधारोपण आदि के बारे में संकल्प लिया गया।

इस दौरान गायत्री शक्तिपीठ संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी से जोन प्रभारी समन्वय समिति सदस्यों ने भेंटकर विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया तथा मोहनलाल राठौर ने रामगढ़ एवं माचलपुर में शक्तिपीठ बनाने हेतु निवेदन किया जिस पर विधायक ने कहा कि जो आवश्यक है वह सहयोग प्रदान किया जाएगा।

मंत्री टेटवाल बस से सफर कर पचोर पहुंच मृतकों को दी श्रद्धांजलि



सारंगपुर। राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने और ईंधन बचत का संदेश देते हुए सारंगपुर से पचोर तक बस से यात्रा की। उन्होंने हाल ही में पेट्रोल पंप हादसे में मृत लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। मंत्री ने हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। इस दौरान उन्होंने पचोर नगर में नागरिकों से जनसंपर्क कर विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद डॉ. टेटवाल पुनः बस से सारंगपुर लौटे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक परिवहन अपनाकर ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सकता है।